उच्च न्यायालय राज्य का शीर्षस्थ न्यायालय होता है। इसके अधीन जनपदों के न्यायालय होते हैं।

# अभ्यास कार्य (Exercise)

## बहुविकल्पीय प्रश्न (MCQ)

निर्णयात्मक कौशल (Critical Skills)

(क) सही उत्तर वाले गोले को OMR शीट में रँगिए-

1. राज्य की विधायिका कितने प्रकार की होती है?

(a) दो (b) चार (c) पाँच (d) छह

2. मतदान की न्यूनतम आयु है–

(a) 18 ✓ (b) 21

(c) 22 (d) 25

3. राज्यपाल की नियुक्ति किसके द्वारा की जाती है?

(a) प्रधानमंत्री के (b) राष्ट्रपति के ✓

(c) मुख्यमंत्री के (d) उपमंत्री

गलत तरीका–

सही तरीका–

1. ⓐ ⓑ ⓒ ⓓ
2. ⓐ ⓑ ⓒ ⓓ
3. ⓐ ⓑ ⓒ ⓓ

## लिखित प्रश्न (Written Questions)

लेखन कौशल (Writing Skills)

**(ख) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–**

1. वित्त विधायक के रूप में किसी प्रस्ताव को केवल राज्य की विधानसभा में प्रस्तुत किया जा सकता है।
2. विधानसभा के सदस्य की न्यूनतम आयु 25 वर्ष होनी चाहिए।
3. विधानसभा के सदस्यों की अधिकतम संख्या 500 हो सकती है।
4. विधानपरिषद को राज्य का उच्च सदन कहा जाता है।

**(ग) सही कथन के सामने 'सत्य' तथा गलत के सामने 'असत्य' लिखिए–**

1. भारत के सभी राज्यों में द्विसदनीय व्यवस्था है। असत्य
2. विधान परिषद् एक स्थाई सदन है। सत्य
3. विधान परिषद के सदस्यों का चुनाव प्रत्यक्ष वयस्क मतदान प्रणाली से होता है। असत्य
4. विधान सभा के अधिकतम सदस्यों की संख्या उत्तर प्रदेश में है। सत्य
5. राज्यपाल सात वर्ष के लिए चुना जाता है। असत्य

Date: / /

# (नागरिक शास्त्र)

## Lesson - 17

Ques - Ans.

प्र०1 भारत सरकार के कितने स्तर हैं?

उ०. भारत सरकार के मुख्य तीन स्तर हैं -

(i) केन्द्र सरकार

(ii) राज्य सरकार

(iii) स्थानीय सरकार

प्र०2 द्विसदनीय विधायिका किन शहरों में है?

उ०. उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, कर्नाटक, जम्मू एवं कश्मीर ऐसे राज्य हैं, जहाँ पर द्विसदनीय विधायिका है।

प्र०3 सरकार के तीन अंगों के नाम लिखिए।

उ०. राज्य सरकार को तीन अंगो मे विभाजित किया गया है -

(i) विधायिका (जो कानून बनाता है)

(ii) कार्यपालिका - (जो कानून को प्रभाव में लाता है।)

(iii) न्यायपालिका (जो कानून का पालन करता है।

प्र०4 कार्यपालिका के कार्य लिखिए।
~~उ०~~ कार्यपालिका के निम्नलिखित कार्य है-
(i) कार्यपालिका का कार्य उन कानूनों को लागू करना या कानूनों को व्यवहार में लाना है जो राज्य विधायिका द्वारा पारित किए जाते है।
(ii) सभी वृत्तीय विधेयक और बजट कार्यपालिका द्वारा पारित किए जाते है।

प्र.5 मुख्यमंत्री की नियुक्ति कौन करता है?
उ०. ~~मुख्यमंत्री~~ मुख्यमंत्री की नियुक्ति राज्यपाल द्वारा किया जाता है।

– लघुउत्तरीय प्रश्न

प्र.1 विधायक किसे कहते है?
उ०. हर राज्य कि जनता अपने-अपने राज्य-स्तर के शासन के लिए अपने प्रतिनिधियों का चुनाव करती है जिसे विधायक कहा जाता है।

प्र०2 राज्यपाल के ~~किन्हीं तीन~~ शक्तियों का वर्णन किजिए।

उ० राज्यपाल राष्ट्रपति के प्रति उत्तरदायी होता है। वह विभिन्न अवसरों पर राष्ट्रपति के आदेशानुसार कार्य करता है।

— विधायी शक्तियाँ —

(i) विधानमंडल के सत्र को बुलाने एवं समाप्त करते कार्य राज्यपाल ही करता है।

(ii) उसकी सहमति के बिना कोई विधेयक, कानून नहीं बन सकता।

(iii) वह कोई संवैधानिक संकट होने पर राष्ट्रपति के निर्देश पर विधानसभा को भंग कर सकता है।

— न्यायिक शक्तियाँ —

राष्ट्रपति के समान ही राज्यपाल भी अपने अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली सजा को माफ या कम कर सकता है।

प्र०३ विधान सभा का गठन किस प्रकार होता है?

विधानसभा के सदस्यों का निर्वाचन राज्य की जनता के प्रत्यक्ष वयस्क मताधिकार द्वारा किया जाता है। (i) विधान सभा

का सदस्य बनने के लिए व्यक्ति को भारत का नागरिक होना चाहिए

(ii) उसकी आयु न्यूनतम 25 वर्ष होनी चाहिए।

(iii) वह दिवालिया न हो तथा किसी सरकारी पद पर आसीन न हो। वह कानून द्वारा दंडित भी न हो।

प्र०. न्यायपालिका के प्रमुख कार्य कौन-से है?

उ०. न्यायपालिका के प्रमुख कार्य निम्नलिखित है –

1. संविधान सुरक्षा – यदि केन्द्र और राज्य के मध्य परस्पर विवाद उठते है तो वे न्यायापालिका द्वारा निपटाए जाते है।

(2) मौलिक अधिकारों की सुरक्षा – नागरिकों के अधिकारों के रक्षा के लिए, न्यायपालिका संबंधित अधिकरण को रिट या निर्देश जारी कर सकती है।

(3) सलाहकार या समझौताकर्ता के रूप में न्यायपालिका (जन महत्व के कानून के प्रश्न पर सरकार न्यायपालिका से राय ले सकती है।

→ दीर्घ उत्तरीय प्रश्न -

प्र०1 विधान परिषद का गठन किस प्रकार होता है?

उ०. इसे राज्य का उच्च सदन कहा जाता है. विधान परिषद की सदस्य संख्या विधान सभा की सदस्य संख्या के एक-तिहाई से अधिक नहीं होनी चाहिए, न्यूनतम संख्या 40 से कम नहीं होनी चाहिए। विधान परिषद राज्य सभा की भाँति एक स्थाई निकाय है. इसके एक तिहाई सदस्य दो वर्ष बाद सेवानिवृत्त होते हैं।

प्र०2 राज्य में मुख्यमंत्री तथा मंत्रिपरिषद की नियुक्ति कैसे होती है?

उ०. राज्यपाल विधानसभा में बहुमत दल के नेता को मुख्यमंत्री नियुक्त करता है. मुख्यमंत्री की सलाह पर राज्यपाल मंत्री-परिषद के अन्य मंत्रियों की नियुक्ति करता है. मुख्यमंत्री राज्य कार्यपालिका का प्रधान होता है. मुख्यमंत्री मंत्रीपरिषद की बैठकों की अध्यक्षता करता है। वह सभी विभागों एवं मंत्रालयों से तालमेल रखता

Date / /

है, और अपनी सरकार की नीतियों और कार्यक्रमों की घोषणा करता है, मंत्रीपरिषद में तीन स्तर के मंत्री होते हैं — कैबिनेट स्तर, राज्यस्तर एवं उपमंत्री स्तर

प्र०3 केन्द्रशासित प्रदेशों का प्रशासन किस प्रकार किया जाता है?

उ०. हमारे देश को प्रशासनिक एवं राजनीतिक स्तर पर 29 राज्यों व 7 केन्द्र शासित प्रदेशों में विभाजित किया गया है। इन केन्द्रशासित प्रदेशों में स्वयं की अपनी- अपनी सरकारें होती है जो वहाँ की शासन व्यवस्थाओं का संचालन करती है, वहाँ पर केन्द्र सरकार स्वयं अपना नियंत्रण रखती है।